CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 28 ◻ अंक- 67 ◻ रायपुर, बुधवार 2अप्रैल 2025 ◻ पृष्ठ-8 ◻ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

वक्फ (संशोधन) विधेयक को रिजिजू ने लोकसभा में किया पेश

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने ने देशव्यापी आंदोलन की दी धमकी

नई दिल्ली, 2 अप्रैल (न्यूज चैनल)। वक्फ (संशोधन) विधेयक को लोकसभा में विचार एवं पारित करने के लिए रखा गया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने इसे पेश किया। इसको लेकर लगातार विपक्ष विरोध कर रहा है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने भी इसका लगातार विरोध किया है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव मौलाना मोहम्मद फजलुर रहीम मुजद्दिदी ने कहा कि जेपीसी द्वारा संशोधनों को मंजूरी मिलने से मामला और जटिल हो गया है। जेपीसी महज़ एक फ़रेब है और एक धोखा है। एआईएमपीएलबी के प्रवक्ता डॉ. सैयद कासिम रसूल इलियास ने कहा कि यह विधेयक भेदभावपूर्ण और सांप्रदायिक रूप से प्रेरित है। दुख की बात है कि विपक्षी सदस्यों द्वारा उठाए गए बिंदुओं पर भी जेपीसी ने विचार नहीं किया।

सैयद कासिम रसूल इलियास ने कहा कि अगर यह विधेयक संसद में पारित हो जाता है, तो हम इसके खिलाफ़ देशव्यापी आंदोलन शुरू करेंगे। हम चुप नहीं बैठेंगे। हम अपने पास उपलब्ध सभी कानूनी और संवैधानिक प्रावधानों का इस्तेमाल करेंगे। जब तक प्रस्तावित संशोधन वापस नहीं लिए जाते, हम शांतिपूर्ण आंदोलन चलाएंगे। लोकसभा में कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा कि इस तरह का विधेयक (वक्फ संशोधन विधेयक) जिसे आप सदन में ला रहे हैं, कम से कम सदस्यों को संशोधन करने का अधिकार तो होना चाहिए। आप कानून को जबरन थोप रहे हैं। यह इस तरह का कानून है। आपको संशोधन के लिए समय देना चाहिए। संशोधन के लिए कई प्रावधान हैं। बिल्कुल भी समय नहीं है। आज़ाद समाज पार्टी - कांशीराम, चंद्रशेखर आज़ाद ने कहा कि यह ऐसा समय है जब कमज़ोर वर्ग देख रहा है कि कौन उनके साथ खड़ा है और कौन उनका राजनीतिक लाभ लेना चाहता है। यह मुसलमानों की धार्मिक स्वतंत्रता पर हमला है। यह वक्फ संपत्तियों को लूटना सरकार का एजेंडा है। एनसीपी-एससीपी सांसद सुप्रिया सुले ने कहा कि हम विधेयक को देखेंगे, चर्चा चल रही है। हम भारत गठबंधन के साथ हैं और भारत गठबंधन पूरी ताकत के साथ साथ रहेगा। आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि देश की जनता को अब सावधान हो जाना चाहिए क्योंकि भाजपा ने वक्फ संपत्तियों पर कब्जा कर उन्हें अपने मित्रों को देने की शुरुआत कर दी है। वे गुरुद्वारों, मंदिरों और चर्चों की संपत्तियों के साथ भी ऐसा ही करेंगे।

'वक्फ बिल किसी की संपत्ति छीनने का कानून नहीं'

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में वक्फ विधेयक को चर्चा और पारित कराने के लिए रखते हुए कहा कि सरकार, संसद की संयुक्त समिति को वक्फ विधेयक पर हितधारकों, विशेषज्ञों से कई ज्ञापन और सुझाव मिले। उन्होंने कहा कि इस संसद भवन पर भी वक्फ का दावा किया जा रहा था, संप्रग सरकार ने तो काफी संपत्ति गैर-अधिसूचित करके दिल्ली वक्फ बोर्ड को दे दी। रीजीजू ने लोकसभा में विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि आपने उन मुद्दों पर लोगों को गुमराह करने की कोशिश की जो वक्फ विधेयक का हिस्सा नहीं हैं। किरेन रिजिजू ने कहा कि संप्रग सरकार ने वक्फ कानून में बदलावों के जरिये इसे अन्य कानूनों से ऊपर कर दिया था, इसलिए नये संशोधनों की आवश्यकता पड़ी। विपक्ष के शोरगुल के बीच रीजीजू ने साफ तौर पर कहा कि सरकार किसी भी धार्मिक संस्था में हस्तक्षेप नहीं करने जा रही। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि जहां नमाज पढ़ी जाती है, वहां कोई दखल नहीं। अपने संबोधन की शुरूआत में कहा कि किसी की बात कोई बुरा-गुमा ना समझेगा। ज़मीन का दर्द कभी आसमान नहीं समझेगा। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद ही नहीं, बल्कि पूरा यकीन है कि जो लोग इस बिल का विरोध कर रहे हैं, उनके दिल में भी बदलाव आएगा। सभी लोग सकारात्मक सोच के साथ इस बिल का समर्थन करेंगे।

पूर्व मंत्री कवासी लखमा की रिमांड समाप्त ईडी की विशेष कोर्ट में हुई पेशी

रायपुर, 2 अप्रैल (हाईवे चैनल)। बहुचर्चित 2161 करोड़ के शराब घोटाला मामले में जेल में बंद पूर्व आबकारी मंत्री और कोंटा विधायक कवासी लखमा को न्यायिक रिमांड समाप्त होने के बाद प्रवर्तन निदेशालय की विशेष कोर्ट में पेश किया गया। इससे पहले कोर्ट ने लखमा को 14 दिन की न्यायिक हिरासत पर भेजा था। बता दें कि बीते जनवरी महीने में ईडी ने लखमा को इस घोटाले में गिरफ्तार किया था, जिसमें उन पर आरोप है कि उन्होंने मंत्री पद पर रहते हुए हर महीने लगभग 2 करोड़ रुपये प्राप्त किए, जिससे कुल मिलाकर 72 करोड़ रुपये की अवैध आय हुई। इन आरोपों के अनुसार, इस धनराशि का उपयोग कांग्रेस कार्यालय और अपने बेटे के लिए एक घर बनाने में किया गया

छत्तीसगढ़ शराब घोटाला

बीते महीने सुनवाई के बाद ईडी की स्पेशल कोर्ट ने लखमा की न्यायिक रिमांड 4 मार्च तक बढ़ा दी गई थी। अब, रिमांड समाप्त होने के बाद, उन्हें पुन: अदालत में पेश किया गया है। गौरतलब है कि शराब घोटाले मामले में ईडी ने 15 जनवरी को कवासी लखमा को गिरफ्तार किया था. इससे पहले उनसे 2 बार ईडी दफ्तर बुलाकर पूछताछ की गई थी. गिरफ्तारी के 7 दिन बाद पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा को पहले ईडी ने 7 दिन कस्टोडियल रिमांड में लेकर पूछताछ की थी. उसके बाद 21 जनवरी से 4 फरवरी तक लखमा को 14 दिन के न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था. पिछली सुनवाई के दौरान जेल में पर्याप्त सुरक्षा बल नहीं होने के कारण लखमा की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेशी हुई थी.

ब्रेकिंग न्यूज

लालू प्रसाद यादव की बिगड़ी तबीयत, दिल्ली ले जाया गया

नई दिल्ली, 2 अप्रैल (न्यूज चैनल)। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख लालू प्रसाद यादव की तबीयत ब्लड शुगर बढ़ने के कारण बिगड़ गई है। जानकारी के अनुसार, यह समस्या उनके नियमित रूटीन चेक-अप के दौरान पता चली, जहां मेडिकल रिपोर्ट में ब्लड शुगर के स्तर में चिंताजनक वृद्धि देखी गई। सूत्रों के अनुसार, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री को आगे की जांच और उपचार के लिए जल्द ही दिल्ली एम्स जाने की उम्मीद है। यादव पिछले दो दिनों से अस्वस्थ थे, लेकिन बुधवार सुबह उनकी हालत और गंभीर हो गई। उनका स्वास्थ्य उनके परिवार और समर्थकों के लिए चिंता का विषय रहा है, खासकर उनके लंबे मेडिकल इतिहास को देखते हुए। पिछले साल सितंबर में यादव ने मुंबई में एंजियोप्लास्टी करवाई थी, जो हृदय संबंधी समस्याओं को दूर करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। इससे पहले, 2022 में सिंगापुर में उनका किडनी ट्रांसप्लांट हुआ था, जहां उनकी छोटी बेटी रोहिणी आचार्य ने उन्हें किडनी दान की थी। उनके मेडिकल इतिहास में 2014 में की गई ओपन-हार्ट सर्जरी भी शामिल है।

भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत

नई दिल्ली, 2 अप्रैल (न्यूज चैनल)। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में बरला-बसेड़ा मार्ग पर एक तेज रफ्तार कार के ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से टक्कर मार दी जिससे एक परिवार के 2 बच्चों समेत 4 लोगों की मौत हो गई और 3 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी।

मिली जानकारी के मुताबिक, पुलिस ने बताया कि घटना मंगलवार रात की है जिसमें मेरठ जिले की निवासी खुशनुमा (35), सानिया (15), तैयबा (3) और मिरहा (2) की मौत हो गई। ये सभी कार में सवार थे। उसने बताया कि तीनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनकी हालत स्थिर बताई गई है। अधिकारियों के अनुसार दुर्घटना उस समय हुई जब जुनेद के परिवार के सदस्य ईद के मौके पर रिश्तेदारों से मिलने के लिए कमालपुर (मेरठ) से सहारनपुर के गोपाली गांव जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है।

बिरादरी की बातें

चूहा- सुनती हो, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर सीबीआई ने अब एफआईआर कर दिया है।

चुहिया- हां जी, सीबीआई धीरे-धीरे आगे बढ़ रही है...!

अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

रायपुर, 2 अप्रैल (हाईवे चैनल)। पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के दिशा निर्देश पर रायपुर पुलिस द्वारा नशे के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट को नशे का काला कारोबार करने वाले कारोबारियों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट की टीम द्वारा मुखबीर लगाकर, पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर नशे का कारोबार करने वाले कारोबारियों के संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है।

इसी तारतम्य में दिनांक 01.04.25 को थाना उरला मे सूचना प्राप्त हुई कि रियल कंपनी गेट के सामने रोड किनारे 01 ट्रक मे अवैध मादक पदार्थ गांजा रखा है तथा कहीं जाने की फिराक में है।सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा नगर पुलिस अधीक्षक उरला सुश्री पूर्णिमा लामा,थाना प्रभारी उरला को आरोपी को अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ रंगे हाथ पकड़ने निर्देशित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना उरला टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति एवं वाहन की पतासाजी करते हुये पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम इरफ़ान सा दीवान निवासी आनंद गुजरात का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा ट्रक के टुल बॉक्स के डिक्की की तलाशी लेने पर 04 सफ़ेद रंग की बोरी मे गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर विधिवत कार्यवाही कर आरोपी के कब्जे से कुल 40.545 किलो ग्राम मादक पदार्थ गांजा तथा ट्रक वाहन क्रमांक ल.छ/01 छ.ञ/4272 जुमला कीमती लगभग 24,05,000/- रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना उरला में अपराध क्रमांक 58/25 धारा 20(बी) नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

सीसीटीवी में कैद हुआ बुर्के वाला चोर, राजधानी के शोरूम में घुसकर गल्ले से किया 30 लाख पार, फिर छत से रस्सी के सहारे हुआ फरार

रायपुर, 2 अप्रैल (हाईवे चैनल)। राजधानी रायपुर के पंडरी इलाके में स्थित कपड़ा शोरूम श्री शिवम् में सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात एक शातिर चोर ने फिल्मी अंदाज में 30 लाख की बड़ी चोरी को अंजाम देकर फरार हो गया। इस दौरान शो रूम के गार्ड को भनक तक नहीं लगी, अगले दिन सुबह जब स्टाफ शोरूम पहुंचा तब चोरी का पता चला। शोरूम मैनेजमेंट की शिकायत के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक, यह चोर दुकान बंद होने से आधा घंटा पहले करीब रात 10:30 बजे बुर्का पहनकर शोरूम में घुसा, फिर कपड़े देखने के बहाने शो-रूम में घूमते हुए चौथी मंजिल के वॉशरूम में छिप गया। दुकान बंद होने के बाद रात करीब 1 बजे वह बाहर निकला, सीधे कैश काउंटर पहुंचा और गल्ले का लॉक तोड़कर 30 लाख कैश निकाल लिया और फिर शोरूम की छत से रस्सी के सहारे नीचे उतरकर भाग निकला। गौरतलब है कि इस चोरी की वारदात को तीन दिन की बैंक बंदी का फायदा उठाकर अंजाम दिया गया। शनिवार, रविवार और सोमवार को बैंकों की छुट्टी थी, इसलिए गल्ले में भारी मात्रा में कैश जमा था। सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि चोर ने ईयरफोन लगाए रखे, जिससे पुलिस को शक है कि वह ऐसे किसी शख्स से से लगातार निर्देश ले रहा था जिसे शोरूम की व्यवस्था की पूरी जानकारी थी। उसे पता था कि कब स्टाफ काम समेटता है, कब लाइट बंद होती है और कब गार्ड तैनात होता है। इसके अलावा रस्सी के सहारे चार मंजिला इमारत से उतरना आसान नहीं, जिससे पुलिस को लगता है कि चोर या तो पेशेवर था या उसने पहले से इसकी प्रैक्टिस कर रखी थी। बहरहाल, पुलिस ने शक के आधार पर एक कर्मचारी को हिरासत में लिया गया है जिससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि कहीं यह पूर्व कर्मचारी तो नहीं था, जिसे शोरूम की पूरी जानकारी थी।

तेज आवाज में बज रहे डीजे से गिरी छत, बच्चे की हुई मौत घटना पर हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान, राज्य सरकार से मांगा जवाब

बिलासपुर, 2 अप्रैल (हाईवे चैनल)। बिलासपुर के मल्हार में शोभायात्रा के दौरान डीजे की तेज आवाज से बड़ा हादसा हो गया। जबरदस्त शोर के कारण एक मकान का छज्जा गिर गया, जिसमें चार बच्चों समेत 10 लोग घायल हो गए। इलाज के दौरान एक मासूम की मौत हो गई। इस दर्दनाक घटना पर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए खुद संज्ञान लिया है। चीफ जस्टिस ने इसे जनहित याचिका मानकर बुधवार को सुनवाई तय की है। कोर्ट ने राज्य सरकार समेत सभी संबंधित पक्षों से जवाब मांगा है। गौरतलब है कि हाईकोर्ट पहले भी ध्वनि प्रदूषण और डीजे पर सख्त पाबंदी के आदेश जारी कर चुका है। इसके बावजूद नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए तेज आवाज में डीजे बजाए जा रहे हैं, जिससे कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इस मामले में पुलिस ने डीजे संचालक, ड्राइवर और शोभायात्रा के आयोजनकर्ताओं के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। डीजे संचालक और ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन आयोजन समिति के चार नामजद आरोपी अब भी फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। अब देखने वाली बात होगी कि हाईकोर्ट इस मामले में क्या सख्त कदम उठाता है।

रसोइया-ड्राइवर बने करोड़पति, कुत्ते टीटो को मिले 12 लाख खुद के अंतिम संस्कार के लिए रखे मात्र 2500 रुपए

नई दिल्ली, 2 अप्रैल (न्यूज चैनल)। रतन टाटा का नाम सुनते ही भव्यता, सफलता और उदारता मन में उभरता है, लेकिन उनकी वसीयत ने एक और पहलू उजागर किया- जिसमें सादगी और मानवीय मूल्यों की मिसाल पेश की गई। जहां अधिकतर बिजनेसमैन अपनी संपत्ति अपने परिवार के विस्तार में लगे रहते है, वहीं टाटा ने अपने कर्मचारियों, सहयोगियों और यहां तक कि अपने पालतू कुत्ते तक के लिए बड़ी धनराशि छोड़ी। लेकिन हैरान करने वाली बात यह रही कि उन्होंने अपने अंतिम संस्कार के लिए केवल 2500 रखे।

रतन टाटा की वसीयत उनके निस्वार्थ प्रेम और कर्मचारियों के प्रति गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने अपने घरेलू सहायकों, ऑफिस स्टाफ और पुराने सहयोगियों के लिए करोड़ों रुपये छोड़े। किसी के कर्ज माफ किए, तो किसी को आर्थिक रूप से सुरक्षित किया। लंबे समय से सेवा दे रहे कर्मचारियों को 15 लाख, जबकि अंशकालिक कर्मचारियों को 1 लाख की आर्थिक सहायता दी गई। टाटा की दरियादिली सिर्फ इंसानों तक ही सीमित नहीं थी। उन्होंने अपने पालतू कुत्ते 'टीटो' के लिए 12 लाख की राशि निर्धारित की, ताकि उसकी देखभाल में कोई कमी न हो।

रतन टाटा के प्रति कर्मचारियों की निष्ठा का बदला उन्होंने दिल खोलकर दिया। उनके रसोइए रंजन शॉ को 1 करोड़ मिले, जिसमें से 51 लाख का कर्ज माफ किया गया। बटलर सुब्बैया कोनार को 66 लाख की सौगात दी गई, जिसमें से 36 लाख का कर्ज माफ हुआ। उनकी सचिव डेलनाज़ गिल्डर को भी 10 लाख मिले।

टाटा ने अपने युवा कार्यकारी सहायक शांतनु नायडू के लिए कॉर्नेल यूनिवर्सिटी में एमबीए के लिए लिया गया 1 करोड़ का लोन माफ कर दिया। इसके अलावा, उनके पड़ोसी जेक मालेते का 23.7 लाख का कर्ज भी माफ किया गया। हालांकि टाटा का ध्यान अधिकतर अपने कर्मचारियों और जरूरतमंदों पर था, लेकिन उन्होंने अपने परिवार को भी नजरअंदाज नहीं किया। उनके भाई जिमी टाटा को मुंबई के जुहू स्थित 16 करोड़ की संपत्ति मिली, जबकि उनकी सौतेली बहनों को उनकी कुल संपत्ति का एक-तिहाई हिस्सा दिया गया। बैंक में जमा 385 करोड़ की राशि भी परिवार के बीच बांटी गई। टाटा के करीबी दोस्त मेहली मिस्त्री को अलीबाग स्थित 6.2 करोड़ की संपत्ति और उनकी कुछ बंदूकें मिलीं। टाटा समूह में उनकी 70 प्रतिशत हिस्सेदारी रतन टाटा एंडोमेंट फाउंडेशनको और 30त्न हिस्सेदारी रतन टाटा एंडोमेंट ट्रस्ट को दी गई। रतन टाटा ने अपनी पूरी जिंदगी सादगी और इंसानियत को प्राथमिकता दी, और उनकी वसीयत भी इसी का प्रमाण है। जहां उन्होंने दूसरों के लिए दिल खोलकर दान किया, वहीं अपने अंतिम संस्कार के लिए मात्र 2500 रखे। यह बताता है कि उनके लिए भौतिक संपत्ति से अधिक लोगों की भलाई मायने रखती थी।

भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का ऐलान जल्द

नई दिल्ली, 2 अप्रैल (न्यूज चैनल)। कौन होगा भारतीय जनता पार्टी का अगला राष्ट्रीय अध्यक्ष? यह सवाल लंबे समय से राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है। जेपी नड्डा का कार्यकाल समाप्त होने के बावजूद, अब तक नए अध्यक्ष की घोषणा नहीं की गई है, और वह अभी भी एक्सटेंशन पर पार्टी की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। इस बीच, खबरें थीं कि बीजेपी और आरएसएस नए अध्यक्ष को लेकर एकमत नहीं थे। बीजेपी चाहती थी कि नेतृत्व ऐसा हो, जिसने नड्डा की तरह संगठन को सफलता दिलाई हो, जबकि आरएसएस की प्राथमिकता संगठन से जुड़े, विचारधारा से मजबूत और उसकी नीतियों को आत्मसात करने वाले नेता की थी। हालांकि, 30 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत की नागपुर में हुई मुलाकात के बाद अटकलें तेज़ हो गई हैं कि जल्द ही बीजेपी को नया अध्यक्ष मिल सकता है। सूत्रों के अनुसार, बीजेपी इस महीने अपने नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम की घोषणा कर सकती है। संभावना जताई जा रही है कि अप्रैल के तीसरे हफ्ते तक यह फैसला सार्वजनिक हो जाएगा। वहीं, 4 अप्रैल को संसद सत्र समाप्त होने के बाद इस प्रक्रिया में तेजी आने की उम्मीद है।

मोटरसाइकिल से पत्नी के मायके जा रहा था नवविवाहित दंपति, रास्ते में हो गया दो दिल दहला देने वाला हादसा

नई दिल्ली, 2 अप्रैल (न्यूज चैनल)। उत्तर प्रदेश के मऊ जिले में मंगलवार शाम को एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रेलर ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे नवविवाहित दंपति की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना हलधरपुर थानाक्षेत्र के गढ़वा मोड़ के पास हुई। मिली जानकारी के मुताबिक, हलधरपुर थाना प्रभारी निरीक्षक (सएचओ) जगदीश विश्वकर्मा ने बताया कि आजमगढ़ जिले के पूनापार गांव की रहने वाली रिंकी सिंह (26) और उनके पति पवन कुमार सिंह (29) किसी निजी काम से पिलखी वरुणा गांव जा रहे थे।